07/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 10 तारीख को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले परीक्षा पे चर्चा के 8-एपिसोड के नए प्रारूप में छात्रों से जुड़ेंगे। शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि, कार्यक्रम के नए प्रारूप के तहत, विभिन्न क्षेत्रों की प्रसिद्ध हस्तियां छात्रों के साथ बातचीत करेंगी और अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करेंगी। मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे बातचीत करने के लिए प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न स्कूलों से 36 छात्रों का चयन किया गया है। कार्यक्रम का दूरदर्शन, स्वयं, स्वयं प्रभा, पीएमओ यूट्यूब चैनल और शिक्षा और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा।

0000000000000000000000

सरकार ने कहा है कि उसने सभी टकराव बिंदुओं से पूरी तरह से पीछे हटने और भारत-चीन सीमा पर शांति और सौहार्द बहाल करने के लिए कूटनीतिक और सैन्य दोनों चैनलों का इस्तेमाल किया है। लोकसभा में एक लिखित जवाब में विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री कृति वर्धन सिंह ने कहा कि भारत और चीन पिछले साल 21 अक्टूबर को देसपांग और डेमचोक में भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त व्यवस्था पर एक समझौते पर पहुँचे थे।

उन्होंने बताया कि इस समझौते के कारण सभी टकराव बिंदुओं से पीछे हटना संभव हो गया है।

00000000000000000000

राज्य के शिक्षा मंत्री पासंग दोरजी सोना ने आज ईटानगर के आरडब्ल्यूडी कॉन्फ्रेंस हॉल में शिक्षा एवं ग्रामीण निर्माण विभाग की अंतर-विभागीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान आरडब्ल्यूडी द्वारा शिक्षा विभाग के अंतर्गत परियोजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सोना ने शिक्षा क्षेत्र के लिए गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे को सुनिश्चित करने के लिए कार्यों को निष्पादित करने में मानदंडों और मानकों का सख्ती से पालन करने पर जोर दिया। मंत्री ने बताया कि आरडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंताओं और शिक्षा के वरिष्ठ अधिकारियों सहित दोनों विभागों के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया, जिसमें प्रयासों को सुव्यवस्थित करने और परियोजना चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। श्री सोना ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षा के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए विभागों के बीच सहयोग महत्वपूर्ण है।

00000000000000000000

राज्य सरकार द्वार गत गुरूवार को एक आधिकारिक आदेश में 13 आईपीएस एवं एपीपीएस अधिकारियों के ट्रांसफ़र एवं पोस्टिंग को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है।

इस सूची में कुछ प्रमुख नाम डीआईजीपी हेड-क्वार्टर, चिन्मोय बिस्वाल, डीआईजीपी प्रोमोटेड डॉ. जॉय तिर्के, डीआईजीपी प्रोमोटेड तुम्मे आमो एवं अन्य के नाम शामिल हैं।

00000000000000000000

बांदरदेवा पुलिस ने कल एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया और उससे 4.44 ग्राम संदिग्ध मादक पदार्थ वाली 3 शीशियाँ जब्त की। पुलिस टीम का नेतृत्व एसडीपीओ नाहरलागुन की देखरेख में सब-इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने किया। यह गिरफ़्तारी, नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत की गई है। यह ऑपरेशन क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी और संबंधित गतिविधियों से निपटने के लिए आईसीआर नाहरलागुन के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है।

00000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट स्थित मशरूम विकास केंद्र के तहत जिला बागवानी अधिकारी द्वारा 5 से 7 फरवरी 2025 तक **“मशरूम कलटिवेशन टेक्नोलॉजी”** पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण सह प्रदर्शन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को मशरूम की खेती और स्पॉन उत्पादन तकनीक पर बुनियादी ज्ञान प्रदान करते हुए मशरूम की खेती के माध्यम से स्वरोजगार के अवसरों को प्रोत्साहित करना था, जिससे प्रतिभागियों को स्थायी आय उत्पन्न करने में सक्षम बनाया जा सके। कार्यक्रम में मशरूम की खेती के साथ ही ओयस्टर और बटन मशरूम की खेती पर

भी विशेष ध्यान दिया गया। प्रशिक्षण सत्र का आयोजन रुक्सिन के अंतरगत रायंग गांव, मेबो के नामसिंग गांव और जीटीसी पासीघाट के एमडीसी-ट्रेनिंग हॉल में किया गया, जिसमें विभिन्न एसएचजी के सदस्यों, किसानों और युवा उद्यमियों सहित 100 से अधिक लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

0000000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने आज और कल के लिए अरुणाचल प्रदेश के आठ जिलों अपर सियांग, सियांग, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, लपा राडा, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली और आंजाओ के लिए येलो अलर्ट जारी किया हैं। आईएमडी ने अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। ऊंचाई वाले इलाकों में कुछ स्थानों पर बारिश/बर्फबारी का भी अनुमान है। इसके अलावा, राज्य के कुछ इलाकों में सुबह और रात के समय हल्के से मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है।

0000000000000000000000